दिनांक 16.04.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र में 42 और नई राशन दुकानें खुलेंगी

भिलाईनगर / भिलाई निगम क्षेत्र में 42 नई उचित मूल्य दुकान खोली जाएंगी। अब राशनकार्ड के हितग्राहियों को राशन के लिए लंबी लाइन से निजात मिलेगा। निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नए राशन दुकान खुलने से राशन लेने वालों की भीड़ में कमी आएगी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद नए दुकान खोलने के लिए निगम क्षेत्र की 42 महिला स्व सहायता समूहों को राशन दुकान संचालित करने उन्हें आवंटन किया जा चुका है, अब दुकान शुरू करने तैयारी की जा रही तैयारी पूर्ण होते ही शीघ्र ही नए राशन दुकानों को शुरू किया जाएगा , जहां शासन द्वारा मिलने वाली सामानों को हितग्राही ले सकेंगे। निगम क्षेत्र में वर्तमान में 198 राशन दुकान है, अब 42 नए दुकान खुलने से कुल 240 दुकानें हो जाएंगी। खाद्य विभाग के चंद्रपाल हरमुख ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र 6 प्रकार के राशनकार्ड के हितग्राहियों को राशन प्रदान किया जाता है जिसके अंतर्गत अंत्योदय वाले राशनकार्ड 24158, निराश्रित राशनकार्ड 329, अन्नापूर्णा राशनकार्ड 48, प्राथमिकता वाले राशनकार्ड 58362, निःशक्तजन राशनकार्ड 536 तथा सामान्य एपीएल राशनकार्ड 55911 हितग्राही है, इस तरह भिलाई निगम क्षेत्र में कुल 139344 लोगों के पास राशनकार्ड है , जिन्हें वर्तमान में निगम क्षेत्र में संचालित 198 राशन दुकानों से राशन सामान प्रदाय किया जाता है। अब आवंटित किए गए 42 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा राशन दुकान खुलने से हितग्राहियों से सहुलियत होगी। राशन दुकान में राशन लेने के लिए लगने वाली लंबी कतारों की समस्या से भी निजात मिलेगा।

इन स्व सहायता समूहों को हुआ आवंटन -

काली माई महिला स्व सहा. समूह , जनचेतना विकास महिला समिति , मां भवानी स्व सहायता समूह , पुष्पांजलि स्व सहायता समूह , महालक्ष्मी स्व सहायता समूह , अखिल भारती स्व सहायता समूह , ओम साई खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उप सेवा सो. मर्या, बढ़ते कदम खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उप सेवा सह सो, कनक महिला स्व सहायता समूह , मां करणी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उप सेवा सह सो मर्या , उजाला महिला इसी तरह भिलाई निगम क्षेत्र की 42 महिला स्व सहायता समूहों को राशन दुकान संचालित करने करने आवंटन किया गया है।